
तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

12 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को मिलेगा ...



12 'मन की बात' देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध ..



शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS

- ACADEMIC
- SPORTS
- CULTURAL
- INNOVATION
- COMPETITIVE EXAMS. (NEET, IIT, NDA+SSB), CUET, CLAT, CA/CS

एस. डी. ग्रुप सर्वोच्च स्तर की ओर...

Where Dreams Become Reality

सर्वागीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

SDians believe in results not in words...

Class Room Students

NEET AIIMS



PRACHI 715/720 D/O SH. MUKESH KUMAR कनीना — AIR CAT.(EWS) 4

RONAK YADAV 710/720 D/O SH. RAJPAL SINGH YADAV ककराला

PRAKI 619/720 D/O SH. AJAY कनीना — AIR CAT.(EWS) 30

NDA



SELECTED: NDA 155 (AIR FORCE) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT NDA PUNE, MAHARASHTRA
JATIN SHARMA S/O SH. KRISHAN KUMAR भड़फ

SELECTED: NDA 155 (ARMY) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT MILITARY COLLEGE, MCTE MHOW (MP)
CHHAVIKANT S/O SH. MANOJ KUMAR करीरा

SELECTED: NDA 155 (NAVY) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT INDIAN NAVAL ACADEMY KERALA
KASHISH YADAV D/O SH. SANJAY KUMAR रामबास

SCHOOL+COACHING
JEE Mains 2026
Result-Session 1



JATIN KAUSHIK S/o Sh. Harish — 99.49 %ile — Roll No. DL 010802205
KUNAL YADAV S/o Sh. Rajkumar — 99.04 %ile — Roll No. DR 030401675
HARSH YADAV S/o Sh. Satyavir — 97.62 %ile — Roll No. DL 010101157

CA Foundation Qualifiers



SONAM D/o Sh. Sanjay Roll No. 493923
KHUSHI GUPTA D/o Sh. Rajender Prasad Roll No. 456183
HIMANSHI D/o Sh. Dinesh Kr. Roll No. 958067
SOURBH S/o Sh. Dharmbir Roll No. 695581
DHEERAJ S/o Sh. Surender Singh Roll No. 465381
YATIN AGGARWAL S/o Sh. Bishan Dayal Roll No. 958017

एस. डी. ग्रुप 360° व्यू पर काम करता है।

Admission Open for Nursery to IX & XI
SESSION 2026-27
Admission on the Basis of Test — Limited Seats
Admission Test Schedule — Monday To Saturday : 9:00AM TO 3:00PM, Sunday : 10:00 AM TO 2:00 PM
उचित फीस में उत्तम शिक्षा

आपके सहयोग व विद्यालय के प्रयासों का सम्मान।



Awarded By SH. NITIN GADKARI Minister of Transport Govt. of India



Awarded By SH. JYOTIRDITYA SCINDIA Minister of Communication Govt. of India



Awarded By SMT. ANUPRIYA PATEL Minister of State for Health and Family Welfare Govt. of India
SH. S. P. SINGH BAGHEL Minister of State of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying Govt. of India



Awarded By SH. NAYAB SINGH SAINI Chief Minister Govt. of Haryana



Awarded With HONORARY DOCTORATE AWARD (D.Litt.) By The University of Central America



Awarded By PROF. (DR.) TANKESHWAR KUMAR Vice Chancellor Central University of Haryana

Do not just show dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same




NEW HOSTEL

5th Mile Stone, Kanina-kapoori Road Kakrala, Distt.-Mahendergarh (Hr.) | sdskakrala.edu.in, sdschool2007@gmail.com

7056791004 | 7056791005
AC & NON AC HOSTEL FACILITY IS AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS

एस.डी. ग्रुप अपने विज्ञापनों में पूर्ण सत्यता दर्शाता है।



DR. SHIPRA SARSWAT
PRINCIPAL
Ph. 7056791006

## खबर संक्षेप

### बाड़े में घुसकर चुराई 43 भेड़-बकरियां

**यमुनानगर।** गांव किशनपुर दामला में चोरों ने रात को भेड़ों के बाड़े से घुसकर 43 भेड़-बकरियां चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब दो लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलते ही यमुनानगर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किशनपुर दामला निवासी राजिन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके पास और उसके भाई नंद राम के पास 90 भेड़ें और 20 बकरियां हैं। जिन पर दोनों भाइयों ने बैंक से लोन लिया हुआ है। राजिंद्र कुमार के बताया कि उसने अपने घर के पास ही पशुओं का बाड़ा बनाया हुआ है। रात को वह पशुओं का बाड़ा अच्छे से जांचकर बंद करके सोया था। सुबह जब उन्होंने बाड़ा देखा तो पशु गायब मिले।

### निवेश के नाम पर हड़पे 13 लाख 68 हजार रुपये

**यमुनानगर।** क्रिप्टो करंसी में निवेश करवा कर शहर की सरोजनी कॉलोनी लक्ष्मी नगर निवासी संदीप कुमार से 13 लाख 68 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप रमेश दत्त, मधु दत्त, अमित खेड़ा, हेमंत भटनागर, हरनेक सिंह, विनय गुप्ता व प्रियांशु दत्त पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। संदीप ने बताया कि जनवरी 2025 में उसकी मुलाकात रमेश दत्त के साथ हुई थी। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे मधु दत्त, अमित खेड़ा, हेमंत भटनागर, हरनेक सिंह, विनय गुप्ता व प्रियांशु दत्त से मिलवाया। आरोपियों ने एक साजिश के तहत उसे क्रिप्टो करंसी में 13 लाख 68 हजार रुपए निवेश करवा लिए।

### ढाबे में घुसकर संचालक के साथ की मारपीट

**यमुनानगर।** जिले के पाबनी रोड स्थित गुलाब नगर में दर्जन भर से अधिक लोगों ने ढाबे में घुसकर संचालक के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जय सिंह ने बताया कि उसका पाबनी रोड स्थित गुलाब नगर में ढाबा है। 27 मार्च को रात पौने 11 बजे वह ढाबे पर काम कर रहा था। इस दौरान कबीर आशिक व इमरान अपने दर्जन पर साथियों के साथ उसके ढाबे में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और ढाबे में रखा सामान तोड़ दिया।

### बस में चढ़ते समय युवक का पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर चोरों ने एक युवक का पर्स चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जीरकपुर निवासी सुबोध कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 27 मार्च को जगाधरी बस स्टैंड पर आया था। जब वह बस में चढ़ने लगा तो अज्ञात ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। जब उसे जेब से पर्स गायब मिला तो उसने आसपास तलाश की लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि उसके पर्स में 14 सौ रुपये और जरूरी दस्तावेज थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### भगवान बलभद्र मंदिर में 19 को लगेगा मेला

**रादौर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को गांव धौलरा में स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेकर भगवान बलभद्र जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर व माथा टेक कर प्रार्थना करेंगे। वहीं अपने परिजनों के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। जानकारी देते हुए मेला कमेटी के सदस्य व गांव धौलरा के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

---

गंदगी से अटी पड़ी हैं छिंबी मोहल्ला की नालियां, कालोनीवासी परेशान

# निगम कर्मचारी सफाई के नाम पर करते हैं खानापूर्ति

- नालियां भरने से बारिश का पानी घरों में घुसने का डर
- कस्बे में पिछले एक वर्ष से नहीं हुई है नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा के छिंबी मोहल्ला, नदी के पास स्थित नाला व नालियां गंदे पानी से अटी होने के कारण गदंगी से लबालब हो गए है। जिससे हर समय बदबू आने से स्थानीय लोग बेहद परेशान है। वहीं मोहल्ला निवासियों को बरसात होने पर नालियों का गंदा पानी घरों में घुसने का डर सताने लगता है। स्थानीय लोगों ने कई बार नपा सफाई कर्मचारियों को मामले की जानकारी दी। लेकिन नपा सफाई कर्मचारी केवल खानापूर्ति ही करके चले जाते है। नपा कर्मचारी कभी सफाई का सामान न होने की बात कहकर व कई बार मात्र एक कर्मचारी थोडी सी सफाई करके भाग जाते है। जिससे मोहल्ला निवासियों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी बीरू, रोहित, उर्मिला, निर्मला, साहिल, दीपक कुमार, विजय, पवन आदि ने बताया कि नगरपालिका सफाई कर्मचारियों को नाली की सफाई करने बारे उन्होंने कहा जाता है तो नगरपालिका की ओर से केवल एक कर्मचारी भेजा जाता है। जिससे सफाई का कार्य पूरा नहीं होता। वहीं दूसरी ओर के नाले की पिछले एक वर्ष से सफाई नहीं हुई। नपा कर्मचारी सामान न होने की बात कहकर व नाले के ऊपर अवैध कब्जा होने बात कहकर सफाई करने से इंकार कर देते है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि नगरपालिका जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाने का काम करे। जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।


छिंबी मोहल्ला में सफाई न होने पर गंदगी से भरी नाली।

---

# प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से जागरूक करना: मन्याल

- यमुनानगर व बुड़िया मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए हुआ प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा द्वारा रविवार को यमुनानगर व बुड़िया मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जम्मू कश्मीर प्रदेश की विधानसभा रामगढ़ से विधायक एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र मन्याल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्य वक्ता देवेंद्र मन्याल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और कुशल बनाना है। उन्होंने मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन की वैचारिक कार्यशैली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। यह अभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास और नीतियों के प्रति जागरूक करता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि एवं यमुनानगर के सिटी विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि जन जन तक सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें और संगठन को और अधिक मजबूत कर सकें। इसलिए भाजपा ने यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में निपुणता, कार्य कुशलता और आत्मविश्वास बढ़ता है। पूर्व मेयर मदन चौहान,पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग व पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ता संगठन के साथ साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने शिविर में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होने कहा कि प्रदेश में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं। यमुना मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान व बुडिया मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मोदी और नायब सैनी सरकार की योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाएं। इस दौरान जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला,शुभम राणा आदि रहे।

---

# नाबालिग लड़की को अगवा करने वाले को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की रामपुरा पुलिस चौकी की टीम ने शादी की नीयत से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को अगवा करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि चौकी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लडकी 24 सितंबर 2025 को से घर से लापता है। वह उसकी अपने रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। लेकिन उनको पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाला युवक आदित्य भी परिवार सहित यहां से कहीं चला गया है और उनके मोबाइल बंद आ रहे हैं। उसने आरोप लगाया था कि आदित्य उसकी नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर एएसआई तेजबीर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पता चला कि आदित्य अपने परिवार के साथ बिहार के सिवान जिला के गांव रघुनाथपुर चला गया है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी आदित्य को उसके गांव रघुनाथपुर से गिरफ्तार किया ।



---

# हल्की बारिश ने मौसम में बढ़ाई ठंड गेहूं की फसलों में नुकसान की आशंका

- दिनभर हल्की बूंदाबांदी से सड़कों पर जमा हुआ कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते हुए राहगीर।

जिले में पिछले एक पखवाड़े में रविवार को तीसरी बार हल्की बारिश व बूंदा बांदी होने से किसान खेतों में पहले से बिछी पड़ी गेहूं की फसल को लेकर चिंतित हो उठे। किसानों की मानें तो यदि अगले एक दो दिन इसी तरह हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई तो उनके खेतों में पहले से बिछी पड़ी गेहूं में नुक्सान होने की आशंका है। रविवार सुबह नौ बजे तक मौसम साफ था और आसमान में कहीं कहीं बादल छाए हुए थे। मगर सुबह दस बजे के करीब अचानक आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बारिश शुरु हो गई और मौसम में ठंडक बढ़ गई। जिले में दिन भर रुक रुक कर कहीं हल्की बारिश हुई तो कई स्थानों पर बूंदा बांदी हुई। आलम यह रहा कि जिले में दिन भर हल्की व बूंदा बांदी होने से सड़कों पर कीचड़ बन गया और राहगिरों को परेशानियों का सामाना करना पड़ा।

किसान सतपाल सिंह, नरेश कुमार, रमेश चंद, सुखबीर सिंह, रोहित व जसमेर आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले जिले में तेज हवा चलने और बारिश होने से अधिकांश खेतों में गेहूं व सरसों की फसल नीचे बिछ गई थी। जिसे लेकर किसान चिंतित हो गए थे। मगर अब एक बार फिर रविवार को हल्की बारिश होने से उनकी चिंताएं बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि खेतों में बिछी गेहूं की फसल में यदि इसी तरह बारिश होती रही तो उनकी फसल में भारी नुक्सान हो सकता है। किसानों ने बताया कि गेहूं पकने को खेतों में तैयार खड़ी है मौसम ने उनकी चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन से मौसम खराब चल रहा है और बारिश होने से गेहूं की फसल में नुक्सान होने की संभावना बन गई है।

---

# प्रथम ने पर्यावरण संरक्षण पर जिले का किया नाम रोशन


यमुनानगर। प्रथम बराड़ को सम्मानित करते जिला अध्यक्ष व अन्य।

- मन की बात कार्यक्रम ने पीएम ने की बराड़ के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुंदर संदेश देने वले युवक को लेकर संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया बताया कि प्रथम ने शहर को हरा भरा रखने का संकल्प लिया है।उन्होंने बताया कि प्रथम बराड बहुत ही होनहार युवा हैं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुंदर संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में लगातार ऐसे व्यक्तियों का जिक्र करते रहते हैं जो भारत देश को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है एहम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और प्रथम बराड द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सभी को सराहना करनी चाहिए।

---



### नाम सिमरन करना ही जीवन का आधार: जसबीर

**यमुनानगर।** शहर के गुरु अर्जुन नगर स्थित गुरुद्वारा श्री सिंह सभा जगाधरी में रविवार को खालसा साजना दिवस को समर्पित तीन दिवसीय विशाल गुरमत कथा विचार समागम का शुभारंभ किया गया। समागम में संगत ने गुरु दरबार में मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान हजूरी रागी जत्थों भाई मोहन सिंह और भाई आकाशदीप सिंह द्वारा मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर समागम का शुभारंभ किया। कथाव्यास भाई जसबीर सिंह चाकर ने विशेष रूप से बाणी और बाणे की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु की बाणी मनुष्य के जीवन की सच्ची मार्गदर्शक है। जबकि गुरु का बाणा सिख की पहचान और उसकी आस्था का प्रतीक है। यदि मनुष्य इन दोनों को अपने जीवन में अपनाता है। तो वह न केवल सांसारिक जीवन में सफल होता है। बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी प्राप्त करता है। कथाव्यास भाई जसबीर सिंह ने फरमाया कि आज के समय में मनमत अमरबेल की तरह तेजी से फैल रही है। जो मनुष्य को उसके मूल मार्ग से भटका रही है। इस मनमत को रोकने के लिए गुरबाणी का सहारा लेना और गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य गुरबाणी को अपने जीवन में उतार ले तो वह हर प्रकार के भ्रम, बुराइयों और भटकाव से बच सकता है।

### बाबा धारीमल समाधि पर श्रद्धालुओं ने माथा टेक की पूजा-अर्चना

**रादौर।** कस्बा के गांव खुर्दबन में बाबा धारीमल की समाधि पर रविवार को वार्षिक एक दिवसीय मेले व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले का शुभारंभ आयोजन कमेटी के प्रधान रामकुमार मंढाण ने किया। रामकुमार मंढाण ने बताया कि दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर पूजा अर्चना की। हिंदू सिख एकता की मिसाल रहे बाबा धारीमल की समाधि पर वर्षो से लोग आस्था लेकर पहुंचते है। उन्होंने बताया कि बाबा धारीमल ने गांव खुर्दबन व धनौरा के जंगलो में वर्षो तपस्या की और इसी स्थान पर वह ब्रह्मलीन हो गए। इस जगह पर गांव खुर्दबन धनौरा के लोगों ने बाबा धारीमल की समाधि बनाई। बाबा धारीमल की समाधि पर जहां गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ होता है। वहीं रामचरित मानस का पाठ भी किया जाता है। बाबा धारीमल उन महान संतो में से एक थे, जिन्होंने गुरु नानक देव के आदर्शो को अपनाकर अपना सारा जीवन मानव कल्याण व प्रभु भक्ति में व्यतीत किया। बाबा धारीमल की समाधि पर हर जाति व धर्म के लोग समाधि पर आकर पूजा अर्चना करते है और मन्नते मांगते है।



---

# जेल महानिदेशक मित्तल ने निरीक्षण कर जांची जिला कारागार की सुविधाएं

- पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। अलोक मित्तल का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत करते एसपी गोयल।

महानिदेशक कारागार हरियाणा आलोक मित्तल ने रविवार को यमुनानगर जेल का निरीक्षण किया। जेल आगमन पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, जिला जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार व हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन विभाग के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर महानिदेशक कारागार हरियाणा का स्वागत किया।

महानिदेशक कारागार हरियाणा आलोक मित्तल ने जिला जेल परिसर में सभी बंदी ब्लॉकों, सुरक्षा वार्ड, अस्पताल, लंगर, लाइब्रेरी व फैक्ट्री आदि सभी मुख्य स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने इनमेट्स की समस्याएं सुनी। मौके पर किसी प्रकार की शिकायत संज्ञान में नहीं आई व जेल में साफ. सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। वहीं, निरीक्षण के दौरान महानिदेशक कारागार हरियाणा अलोक मित्तल ने जेल अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने जेल सुरक्षा कर्मियों की समस्याओं को भी सुना। जेल में इनमेट्स को व अन्य शिक्षण संस्थाओं या समाजसेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित करके जेल में वोकेशनल एवं शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करवाने के निर्देश दिए। जेल सुरक्षा कर्मियों को अपना स्वास्थ्य मेंटेन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

---

# आनलाइन सेवाओं का ठग कर रहे दुरुपयोग : एसपी

- पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने साइबर फ्राड के मामलों को लेकर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



डिजिटल युग में आनलाइन सेवाएं जहां लोगों के जीवन को आसान बना रही हैं। वहीं, साइबर ठग इन आनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग करके लोगों को ठग रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप ने लोगों को साइबर ठगों से सतर्क रहने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि डिजिटल युग में लोग आनलाइन सेवाओं का ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। वह घर बैठे ही आनलाइन ट्रेन की टिकटें बुक करने के अलावा अन्य कार्य भी आनलाइन सेवाओं से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में ऐसे अनेक प्रकरण सामने आए हैं। जिनमें साइबर अपराधी रेलवे, बस, एयर लाइन अथवा मूवी टिकट बुकिंग के नाम पर फर्जी वेबसाइट व मोबाइल ऐप तैयार कर आमजन को ठग रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर ठगों से बचने के लिए नागरिकों को अधिकारिक वेबसाइट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट या मोबाइल ऐप बनाकर उनका सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है।

---

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

# आध्यात्मिक उन्नति के लिए गुरु का विशेष महत्व: भारती

> जीवन में पूर्ण गुरु के पदार्पण से साधना व भक्ति मार्ग हो जाता है अति सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते भारती।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने जीवन में गुरु का महत्व समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु व गुरु की महिमा का गुणगान किया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि जीवित रहने के लिए जैसे श्वास अति आवश्यक है। इसी प्रकार आध्यात्मिक उन्नति एवं आत्म कल्याण के लिए गुरु का विशेष महत्व है। संसार के किसी भी क्षेत्र में पारंगत होने के लिए हम सर्वश्रेष्ठ गुरू का चुनाव करते हैं। परन्तु अध्यात्म और भक्ति जैसे विराट एवं अलौकिक क्षेत्र में हम गुरु के बिना उतरने का प्रयास करते हैं तो हमारे भक्ति मार्ग में सूक्ष्म अहंकार और दम्भ जैसी कई बाधाएं आती हैं। जो हमें इस मार्ग पर आगे बढ़ने से रोकती हैं। किन्तु जब जीवन में पूर्ण गुरू का पदार्पण होता है तब हमारे लिए साधना और भक्ति का मार्ग अति सरल हो जाता है। क्योंकि गुरु अपने तपोबल के द्वारा शिष्य के संचित कर्मों को समाप्त करके उसके प्रारब्ध की पीड़ा को कम करते हैं। जिससे साधक की आध्यात्मिक उन्नति में कोई बाधा न आए और वह शीघ्रातिशीघ्र जन्म मृत्यु के इस चक्रव्यूह से मुक्त हो। गुरु की कृपा के सदृश इस संपूर्ण सृष्टि में कोई भी सम्पदा नहीं है। क्योंकि जो कार्य एक शिष्य अपने पुरुषार्थ से कई जन्मों में भी नहीं कर सकता वह गुरू की कृपा दृष्टि क्षण भर में ही संभव कर देती है।

### हनुमाना-तू-देर न लगाना भजन पर झूमे श्रद्धालु



यमुनानगर। श्री हनुमान मन्दिर द्वारा भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर निकाली जा रही प्रभात फेरी का रविवार को ग्रीन पार्क, चंदन कालोनी व कालिंदी कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रभातफेरी में श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। रविवार को ढोल नगाड़ों के साथ दूसरे दिन भी प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुबह मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने पूजा अर्चना करवाकर प्रभातफेरी का शुभारंभ करवाया। प्रभात फेरी पहले ग्रीन पार्क फेस वन में पहुंची जहां फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद कालिंदी कॉलोनी एवं चंदन कॉलोनी में श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। बाद में प्रेम तलवाड़, शम्मी तलवाड़ एवं राजू तलवाड़ के निवास स्थान पर प्रभात फेरी को विश्राम दिया गया। इस दौरान श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे।

# हरियाणा फिल्म फेस्टिवल में विख्यात कलाकार एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 8वें हरियाणा फिल्म फेस्टिवल का समापन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 8वें हरियाणा फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने देश के विख्यात कलाकारों को एक्सिलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा को पंड़ति जसराज एक्सिलेंस हरियाणा अवार्ड, निशा शर्मा को वेद कुमारी एक्सिलेंस हरियाणा अवार्ड, प्रियंका कुहाड़ को हरियाणा हेरिटेज प्रमोशन अवार्ड, डॉ. रामनिवास को थियेटर प्रमोशन अवार्ड, कलाकार सुशील को हरियाणा फोक आर्ट प्रमोशन अवार्ड तथा कलाकार राममेहर मेहला को ओपी हरियाणवी एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। हरियाणा के जाने माने सूफी गायक एव पंजाबी फिल्मों के अभिनेता विक्रम सिरोहीवाल को फिल्म फेस्टिवल के मंच पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा विशेष रूप से समानित किया गया। इस बार आफ्टर द सनसेट फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट फिल्म का खिताब अपने नाम किया। इसी फिल्म के लिए अवतार गिल को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला। बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार कार्तिकेयन पी वी को फिल्म बिसीबेलाथ के लिए दिया गया। महिला कलाकारों में दीपिका गोस्वामी को फिल्म बियोंड द सेंड्स के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड बर्दरसह को मिला, जबकि बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के लिए बेटेलगेयूज को सम्मानित किया गया।


कुरुक्षेत्र। कलाकार को सम्मानित करते आयोजक।

### अनूप जलोटा को मिला पंडित जसराज एक्सिलेंस हरियाणा अवार्ड



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतिम दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आकर्षक संगीत प्रस्तुतियों के साथ गरिमामयी अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारतीय सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है बल्कि यह समाज एवं संस्कृति का भी सशक्त दर्पण है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म महोत्सव युवा कलाकारों को सिनेमा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भजन गायक अनूप जलोटा को पंडित जसराज एक्सिलेंस हरियाणा अवार्ड देकर सम्मानित किया। वहीं हरियाणवी गायक मासूम शर्मा, अभिनेत्री अमिता नांगिया सहित अभिनेताओं, कलाकारों एवं फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को अवार्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में एस.डी. कॉलेज महाविद्यालय, पानीपत के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणा लूर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति प्रो. आरपी सैनी ने कहा कि फिल्में आधुनिक समाज का आईना है। इनके माध्यम से जहां एक ओर सामाजिक बुराइयों को प्रतिबिम्बित किया जाता है वहीं पर दूसरी ओर संस्कार एवं संस्कृति को भी मंच प्रदान किया जाता है।

### 'मां काली' को मिला बेस्ट फिल्म का पुरस्कार

हरियाणा फिल्म फेस्टिवेल में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मां काली को दिया गया, जबकि विजय येलकांति को इसके लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड थैंक यू डियर के लिए श्रीकांत कुमार को मिला। अभिनय श्रेणी में, पांचली फिल्म के लिए प्रिंस कंवलजीत सिंह ने बेस्ट एक्टर का खिताब जीता, वहीं सैना स्टोरी के लिए अनुराधा शर्मा को बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड पांचली के लिए अशोक पाठक को दिया गया, जबकि कुछ सपने अपने के लिए मोना अंबेगांवकर ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### प्रह्लाद की अटूट भक्ति का किया वर्णन

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के समीप श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथावाचिका सुमन जाजू ने प्रह्लाद की अटूट भक्ति का प्रेरणादायक वर्णन किया गया। विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान के प्रति अडिग विश्वास रखने का संदेश दिया गया। साथ ही वामन भगवान के अवतार का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें राजा बलि के अहंकार का अंत कर उन्हें भक्ति का मार्ग दिखाया गया।

### साधकों को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा साधकों को शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई। संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 60 से अधिक साधक उपस्थित रहे जबकि 15 कार्यकतार्ओं ने सेवा में सहयोग दिया। कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी एवं भीष्म जिला उप प्रधान जगवीर सांगवान ने सूक्ष्म क्रियाओं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण का अभ्यास करवाया। संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी सहित सभी उपस्थित महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## नायब सैनी ने भाजपा कार्यालय में सुनीं 'प्रधानमंत्री के मन की बात'

# देश में युवाओं की सोच और बदलाव से राष्ट्र निर्माण को मिल रही गति : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इस सोच में हुए परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण को गति मिल रही है। इतना ही नहीं मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताया है। इस दौरान यमुनानगर के युवा प्रथम बराड़ की सोच ग्रीन व क्लीन भारत को ही समृद्ध भारत कहने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। इसके साथ ही देश के विकास में प्रदेश के युवा भी लगातार तत्पर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण सुन रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण और जल संचय की अपील करते हुए अलग-अलग हिस्सों के लोगों की कहानी के साथ प्रेरणा दी है, क्योंकि जल ही जीवन है। सरकार ने अमृत सरोवर के माध्यम से बरसाती पानी इकट्ठा करने का अभियान चलाया है। इन अमृतसरोवरों की सफाई करके बरसात के पानी को रोककर भूजल स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पानी मुहैया करवा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राज्य में बरसात के पानी को इकट्ठा करके समस्या को निपटने के कार्य, दूसरी जगह बरसाती पानी का संचय करके किसानों द्वारा खेती बढ़ाने जैसे अनूठे उदाहरण देकर जल बचाने के प्रति जागरूक किया है।


कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

### पीएम के विचारों को लोगों तक पहुंचाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में इस योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से अलग से सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। एक लाख 80 हजार से कम आय वाले नागरिकों को दो किलोवाट का सोलर सिस्टम फ्री में दिया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आग्रह पर कहा कि नागरिकों को शुगर इनटेक पर काम करना चाहिए। इसके तहत अपने खाने में 10 प्रतिशत की कटौती करते हुए मोटापा और बीमारियों को कम करें। इसके साथ ही शिक्षा, खेल, पौधे रोपण, मछली पालन और योग पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जाती है। सरकार की नीतियों को नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी प्रतिक्रिया जानना भी इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है। मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक मुद्दे जैसे कि स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सरकार की विभिन्न योजनाएं का भी जिक्र करते हैं। इस कार्यक्रम में हरियाणा के लोगों की उपलब्धियों का भी अनेक बार जिक्र हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को भारत के आम लोगों तक पहुंचाना है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी,भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सागवान, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी आदि मौजूद रहे।

## लंबे समय से परशुराम चौक की रेड लाइट खराब, जाम से जनता परेशान



पिहोवा। परशुराम चौक पर बन्द पड़ी लाल बत्ती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा के प्रमुख परशुराम चौक पर ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट) खराब होने के कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगो का प्रशासन व सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।लोगो ने बताया कि शहर के मुख्य चौक पर ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट) खराब होने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। किसी त्यौहार, मेले व अन्य कार्यक्रम होने से तो चौंक से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। सुबह-शाम व स्कूल के समय हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ता है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को जाम के कारण काफी जोखिम उठाना पड़ता है। चौक पर जाम के कारण एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी समय पर नहीं निकल पाते। वाहन चालकों का कहना है कि बिना सिग्नल के हर कोई जल्दी निकलने की कोशिश करता है।

### क्या कहते है नपा चेयरमैन

जब इस बारे नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि से बात की तो उन्होंने बताया कि बहुत काफी लोगो का कहना था कि जब चौक पर लाल बत्ती काम करती हैं तो हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी, जब लाल बत्ती काम नहीं करती तो जाम नहीं लगता, परंतु पुलिस कर्मचारी भी चौक पर जाम से निपटने के लिए हर समय त्यार रहते हैं। परशुराम चौक पर लाल बत्ती पुलिस के अधीन होती हैं, चौक का रख रखाव नगरपालिका का होता है। परंतु जनता की सुविधा के लिए पुलिस प्रशासन से मिलकर इस समस्या का हल करेंगे।

## मां दुर्गा रात्रि जागरण कल, भजन गायक सोमदत्त हुनर एंड पार्टी करेंगे गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 31 दिसम्बर 1963 को दुर्गा देवी मन्दिर पिपली की हुई थी स्थापना

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने जानकारी दी कि मिश्रा परिवार हरसू पांडे महाराज से संबंधित है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार लगभग 650 साल पहले हरसू पांडे नाम के एक राजपुरोहित थे। वह राजा शालिवाहन के राजपुरोहित थे। लगभग 1860 से परदादा स्वर्गीय पंडित सीता राम मिश्रा , दादा स्वर्गीय पंडित जटा शंकर मिश्रा व पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पण्डित श्री शेषमणि मिश्रा आगे उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. मिश्रा श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश और कनिष्ठ पुत्र पंडित राहुल मिश्रा श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली के पुजारी के रूप में कार्य कर रहे है। मिश्रा परिवार वैदिक कर्म कांड , ज्योतिष, जन्म कुंडली , वास्तु शास्त्र , आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को समाज के विकास एवं कल्याण हेतु वाराणसी से सेवा प्रदान कर रहा है। 31 दिसम्बर 1963 को श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पण्डित शेषमणि मिश्रा संस्थापक जी ने समस्त पिपली के श्रद्वालु भक्ति द्वारा करवायी थी। उसी श्रृंखला में समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण चैत्र मॉस की त्रयोदशी नवरात्र, मंगलवार, 31 मार्च 2026 को भजन गायक सोमदत्त हुनर एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा।



### जिले में गैस व ईंधन आपूर्ति सामान्य : नरेश

कुरुक्षेत्र। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए नागरिकों को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा नहीं आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

## असंतुलित दिनचर्या से बढ़ रहा मांसपेशियों का खिंचाव : जैन

गांव खेड़ी रामनगर में लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र द्वारा गाँव खेड़ी रामनगर के कम्युनिटी सेंटर में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। प्रख्यात ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मांसपेशियों में खिंचाव जैसी सामान्य लेकिन गंभीर समस्या पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान जीवनशैली, असंतुलित दिनचर्या और शारीरिक लापरवाही इसके प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारी वजन उठाना, अचानक दौड़ना या झुकना, लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहना, शरीर को पर्याप्त वार्मअप न देना तथा पानी और पोषण की कमी इस समस्या को जन्म देते हैं। इसके लक्षणों में दर्द, सूजन, अकड़न, कमजोरी और दैनिक कार्यों में बाधा शामिल हैं, जिन्हें समय रहते नजरअंदाज करना आगे चलकर गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, सरपंच सुनीता देवी, सुशील कुमार समाजसेवी ने डॉ. हिमांशु जैन ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ संजय शर्मा व उनकी टीम का स्वागत व अभिनन्दन किया।धर्मपाल चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निरंतर चिकित्सा शिविर ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



### महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलकर करे कार्य

कुरुक्षेत्र। गांव दयालपुर में भगवान महर्षि कश्यप के भव्य मंदिर निर्माण में विधायक अशोक अरोड़ा,सुरेंद्र सैनी, सुशील कश्यप कोहंड, करता राम कश्यप ने नींव का पवित्र पत्थर रखा। इस पावन अवसर पर, नाथीराम आढ़ती ,ओमपाल कश्यप,नफे सिंह कश्यप, रोताश कश्यप, जय भगवान कश्यप, चंद्रभान बाल्मीकि,रमेश पूर्व सरपंच, प्रवीन कश्यप,नरेंद्र कश्यप,रामपाल कश्यप, जगीर कश्यप, विजय, रामचन्द्र, रायसिंह, सुरेश कश्यप, रामकरण, रघुवीर, भागसिंह कश्यप, राधे श्याम, बलवान, अश्वनी सहित समाज के बुद्धिजीवी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि समाज के लोगों को महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज हित के लिए काम करना चाहिए। सुशील कश्यप ने कहा कि सभी मानव जातियों को उनके गुणों को ग्रहण करना चाहिए। सुशील कश्यप कोहंड ने मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपए दिए। ओबीसी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने कहा कि संत मानव जाति के उद्धार के लिए धरती पर अवतरित होते है।



## पंजाबी-बॉलीवुड गायक कमल खान की प्रस्तुतियों से माहौल बना भक्तिमय

पिहोवा। धार्मिक नगरी पिहोवा की अनाज मंडी में बाबा मुराद शाह युवा संस्था द्वारा आयोजित मेला सैयां दा का तीसरा भव्य समागम श्रद्धा, भक्ति और सूफी रंग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा मुराद शाह जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के सेवादार बिट्टू प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शहर के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मशहूर पंजाबी-बॉलीवुड गायक कमल खान, प्रसिद्ध कव्वाली सम्राट सरदार अली तथा सूफी गायक इशरत गुलाम अली जी ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने बाबा मुराद शाह जी का गुणगान कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रवेश कुमार, राकेश कुमार, कुलवंत सिंह, मनीष शाह, नरेश कुमार, सागर, अमन, रोहित, हरजीत, मंदीप, बिट्टू, जस्सी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मंडियों में उपलब्ध करवाई जाएगी हर सुविधा: उपायुक्त

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मंडियों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना (बोरियां), स्वच्छ पेयजल, उचित बैठने की व्यवस्था, साफ-सुथरे शौचालय और अच्छी तरह संचालित कैंटीन सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर प्रभावी सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रत्येक मंडी में खरीद प्रक्रिया की निगरानी और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल्द ही एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।

कार्यक्रम | ला कीर्ति भवन में तीन दिवसीय रंगरथ नाट्य महोत्सव आयोजित

# हंसी के फव्वारे छोड़ गया नाटक घर का न घाट का, पति-पत्नी की नोकझोंक ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कभी-कभी व्यक्ति इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं के वशीभूत होकर अनाप-शनाप निर्णय ले लेता है। ऐसे निर्णयों में वंशबेल बढ़ाने का निर्णय भी एक खास जगह रखता है। अक्सर लोग वंश बढ़ाने के चक्कर तथा बेटे की लालसा में बच्चे पैदा करते रहते हैं। या जिनके बेटा नहीं होता तो दूसरी शादी करने का मन बना लेते हैं। ऐसी परिस्थिति बनने पर पति हास्यपूर्ण स्थिति में फंस जाता है और न घर का रहता है ना घाट का। इसी परिस्थिति को सार्थक करता नजर आया नाटक घर का न घाट का। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित तीन दिवसीय रंगरथ नाट्य महोत्सव की दूसरी शाम में रंग मंडप दिल्ली के कलाकारों द्वारा हास्य नाटक मंचित किया गया। जयवर्धन के लेखन और जे.पी.सिंह के निर्देशन में लगभग डेढ़ घण्टे की अवधि वाले नाटक घर का न घाट का में कलाकारों ने दर्शकों की भरपूर वाहवाही बटौरी। कार्यक्रम में पति-पत्नी की नोकझोंक ने रंग जमाया।


कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

### विश्व रंगमंच दिवस रंगकर्मियों के लिए एक पर्व के जैसा

इस मौके पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। दर्शकों को संबोधित करते हुए डा. पवन आर्य ने कहा कि विश्व रंगमंच दिवस रंगकर्मियों के लिए एक पर्व के जैसा है। रंगकर्मी अपने नाटकों के माध्यम से समाज में जागरुकता लाने के साथ-साथ एक आईना दिखाने का भी प्रयास करते हैं। रंगप्रेमियों के त्योंहार को मनाने के लिए हरियाणा कला परिषद के निदेशक विवेक कालिया के दिशा-निर्देश में रंगरथ नाट्य उत्सव अत्यंत सराहनीय प्रयास है जो न केवल रंगकर्मियों को मंच प्रदान कर रहा, बल्कि लोगों को भी रंगमंच से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत डा. पवन आर्य, धर्मपाल, बृजकिशोर शर्मा, दीपक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मंच का संचालन विकास शर्मा ने किया।

**खबर संक्षेप**

## हादसे में बुजुर्ग की मौत कार चालक पर केस

**अंबाला।** अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मोहड़ा बस अड्डे के पास सड़क हादसे में करीब 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार चालक ने पैदल सड़क पार कर रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने करीब आठ दिन बाद चश्मदीद के बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कुरुक्षेत्र के छपरा गांव के रहने वाले राजन ने बताया कि 20 मार्च की शाम वह स्पेयर पार्ट्स लेकर लौट रहा था। इसी दौरान लोहा पुल के नीचे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने घायल को मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर चोटों के चलते घायल बयान देने की स्थिति में नहीं था और 25 मार्च को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## सालाना मेले में पहुंचे श्रद्धालु, लगा भंडारा

**अंबाला।** अंबाला शहर के देवी नगर में कश्यप राजपूत पंजाबी समाज के 51वें वार्षिक मेले का को आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय मेले में शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज की एकता का मंच है। यह मेला कश्यप राजपूत पंजाबी वैलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया। मेले में शामिल होने के बाद हरियाणा पंजाब के कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचे। विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोग अपने - अपने गोत्र के मंदिरों में पूजन करेंगे। गौरतलब है कि देवी नगर में स्थित मंदिर में कश्यप समाज के 44 मंदिर बनाए गए हैं। इस वर्ष यह मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। क्योंकि इस वर्ष समाज की नींव रखे को 101 वर्ष पूरे हुए हैं। यहां पर करीब दो लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है। सैकड़ों की संख्या में लोग 100 से अधिक चूल्हों पर भंडारा बनाने की तैयारी करते भी दिखे।

## मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज की कथा हुई

**अंबाला।** मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज की वाणी में पहली संगीतमय महावीर कथा का आयोजन किया गया। यह आयोजन रविवार को गुड़ बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर में प्रातः 9:30 से दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया। इससे पूर्व, कालीबाड़ी चौक स्थित जैन स्थानक में विराट धर्मसभा आयोजित हुई। इसमें मुनिश्री ने सांप्रदायिक सौहार्द और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम महावीर नहीं बन सकते पर महावीर के बन सकते हैं।

## मंदिर से नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शहजादपुर।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त पतरेहड़ी के आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई नकदी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज गया है। हेम सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव पतरेहडी में नगर खेड़े के पास भगवान भोलेनाथ का मंदिर है। इसी में चोरी हुई थी।

### अमेरिका ईरान युद्ध की वजह से घरेलू व कमर्शियल गैस की सप्लाई हो रही बाधित

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को मिलेगा पीएनजी कनेक्शन

**साइंस इंडस्ट्रीज को राहत**

- खाद्य आपूर्ति विभाग ने घरेलू गैस से जूझ रहे कारोबारियों को राहत देने का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ईरान अमेरिका युद्ध की वजह से घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से अब अब व्यावसायिक प्रतिष्ठान और उद्योगपति पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) गैस के कनेक्शन ले सकेंगे। प्रशासन की ओर से विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। पीएनजी कनेक्शन के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व उद्योग संचालकों को एचपीऑइल गैस कंपनी के पास आवेदन करना होगा। गैस कंपनी का कार्यालय अंबाला कैंट में आर्मी एरिया में बीएसएनएल के दफ्तर के पास है। बता दें कि साइंस इंडस्ट्रीज के कारोबारियों ने पिछले दिनों ही मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर गैस की किल्लत का रोना रोया था। तब मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या के समाधान के आदेश दिए थे।



**कमर्शियल सप्लाई भी मिलेगी**

जब तक कारोबारियों को पीएनजी का कनेक्शन नहीं मिल जाता तब तक एलपीजी की कॉमर्शियल सप्लाई भी मिलेगी। इसका कोटा तय कर दिया गया है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ढाबा, फास्ट फूड रेस्टोरेंट, रेस्तरां, होटल व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले प्रतिष्ठानों को इस फैसले से राहत नजर आई है। वहीं ग्लासवेयर इंडस्ट्रीज को भी एलपीजी सप्लाई की दिक्कतों के बीच विकल्प मिला है। एचपी ऑयल गैस कंपनी के पास घरेलू कनेक्शनों की संख्या 3900 है। कॉमर्शियल पीएनजी कनेक्शन 30 दिए हुए हैं। इसके अलावा इंडस्ट्रियल कनेक्शन 9 हैं। खाद्य आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि कंपनी के अनुसार अभी घरेलू 12 हजार कनेक्शन और दिए जा सकते हैं। मगर इसके लिए लोगों को आवेदन करना होगा। इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को भी पीएनजी के लिए आवेदन करना होगा।

**20 प्रतिशत कोटा निर्धारित**

पीएनजी के लिए आवेदन करने के बाद जब तक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को पीएनजी नहीं मिलती तब तक एलपीजी मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए विभाग ने 20 प्रतिशत एलपीजी का कोटा निर्धारित कर दिया है। अभी पीएनजी की कवरेज सेक्टर एक, सात, आठ, नौ, दस, मॉडल टाउन, वाटिका मॉल, लक्ष्मी नगर, प्रीत कॉलोनी में है। जंडली में भी पीएनजी की सप्लाई चल रही है। दुर्गानगर, मनाली हाउस, पालिका विहार, रामनगर में पीएनजी की सप्लाई की अनुमति लंबित है। अनुमति मिलते ही कुछ दिनों में यहां भी पीएनजी की सप्लाई कर दी जाएगी। इसके सुचारू होने के बाद 2500 घरों के कनेक्शन और बढ़ जाएंगे

**पीएनजी का इस्तेमाल बेहद सुरक्षित**



एलपीजी के बजाय पीएनजी को बेहद सुरक्षित माना जाता है। अंबाला शहर की पॉश बस्तियों में पीएनजी की कई साल से सप्लाई हो रही है। अभी तक एक हादसा भी सामने नहीं आया है। ऐसी स्थिति में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में होने वाले हादसों में भी कमी आना तय है। जानकारों की मानें तो पीएनजी का इस्तेमाल न केवल सुरक्षित है बल्कि इससे तैयार होने वाला खाना भी सेहत के लिए अच्छा होता है। ऐसे में कारोबारियों के साथ लोगों को भी राहत मिलना तय माना जा रहा है।

**गैस की किल्लत से जूझ रहे कारोबारी**

ईरान अमेरिका युद्ध की वजह से अंबाला छावनी की साइंस इंडस्ट्रीज में ग्लासवेयर का कारोबार पूरी तरह से ठप होने की कगार पर है। ग्लासवेयर कारोबार में कमर्शियल गैस की सप्लाई बेहद कम है। इसी वजह से कारोबारी परेशान हैं। उनकी मानें तो गैस की सप्लाई न होने से ग्लासवेयर का कारोबार ठप हो गया है। साइंस इंडस्ट्रीज में इसी वजह से कांच से जुड़ा कोई भी सामान तैयार नहीं हो पा रहा है।

# सरसों की सरकारी खरीद ठप, किसान परेशान

**बिना फसल बेचे किसान वापस लौटने को मजबूर**

- गेट पास जारी करने के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक मशीनें सुचारू रूप से नहीं कर रही कार्य
- अव्यवस्थाओं से किसान परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह से फेल नजर आई। पहले दिन तय समय पर खरीद शुरू न होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीद प्रक्रिया शुरू न होने के पीछे कई कारण सामने आए। सबसे प्रमुख समस्या गेट पास जारी करने के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक मशीनों का सुचारू रूप से शुरू न होने की रही। इसके कारण किसानों के गेट पास नहीं कट सके, खरीद एजेंसियों के न आने से भी खरीद का कार्य शुरू नहीं पाया। आढ़ती मंडी एसोसिएशन के प्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि सरसों के मूल्यों में तेजी के चलते किसान मंडी में सरसों की फसल सुखाकर वापस ले गए है। शनिवार को खरीद शुरू होनी थी लेकिन एक भी गेट पास नहीं कटा। वहीं कोई खरीद एंजेसी भी मंडी नहीं पंहुची। मार्केट कमेटी के सहायक सचिव मांगा राम ने बताया कि पहले दिन कोई खरीद नहीं हुई। कोई किसान गेट पास कटवाने भी नहीं आया। बॉयोमीट्रिक मशीन इंस्टाल कर दी गई है। फिलहाल संबंधित विभाग द्वारा उसका कार्य पेंडिंग है। हैफेड के मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे पास शुक्रवार को ही लिस्ट आई थी। अब एक कंपनी एनसीसीएफ सरसों की खरीद करेगी। लेकिन उसके साथ एग्रीमेंट नहीं हुआ है। इसलिए खरीद एजेंसी खरीद के लिए नहीं आई। अब सोमवार को ही खरीद हो सकती है। उधर शहजादपुर मंडी में भी यही स्थिति बनी रही। सरसों की सरकारी खरीद शुरू होनी थी लेकिन पहले ही दिन अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का सत्यापन न होने के कारण मंडी में सरसों का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका। खरीद एजेंसियां भी नदारद रहीं जिससे किसान परेशान होते रहे।

# विदेश में युवक लापता, 12 दिन से सुराग नहीं

- विदेश मंत्री और सीएम नायब सैनी से लगाई मदद की गुहार



विश्व

परिजन बोले- माल्टा पुलिस और भारतीय दूतावास ने भी समय पर मदद नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विदेश में पढ़ने गया कस्बा का एक युवक रहस्यमयी हालात में लापता हो गया। इकलौते बेटे के इस प्रकार से गायब होने से जहां परिवार सदमे में है वहीं इस मामले में माल्टा की पुलिस और भारतीय दूतावास की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों की माने तो पिछले 12 दिनों से उनके बेटे का कोई सुराग नहीं लग पाया है जिससे परिजनों में रोष है। धर्मबीर का इकलौता 18 वर्षीय बेटा विश्व बीती 20 जनवरी 2026 को स्टडी वीजा पर माल्टा गया था। वहां पर हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म का कोर्स कर रहा था। परिजनों के मुताबिक 18 मार्च 2026 तक तो उनका बेटे से लगातार संपर्क बना हुआ था लेकिन इसके बाद अचानक उसका फोन बंद हो गया। वह तभी से लापता है। विश्व के साथ रह रहे उसके दोस्त गुरमीत ने भी उसकी काफी तलाश की लेकिन उसे भी उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका। पुर्तगाल में रह रहे उसके भतीजे भी माल्टा पहुंचकर कई दिनों तक विश्व की खोजबीन की लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि 20 मार्च को जब विश्व के दोस्तों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत माल्टा पुलिस को दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने की बजाय टालमटोल की। परिजनों का कहना है कि शुरुआती दिनों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में ही लापरवाही बरती जिससे जांच में देरी हुई। जब मामला स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से उछला तब कहीं जाकर 27 मार्च 2026 को वहां की पुलिस ने केस दर्ज किया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि अगर समय रहते कार्रवाई होती तो शायद युवक का कोई सुराग मिल सकता था।

**कोई ठोस मदद नहीं मिली: परिजन**



परिजनों ने माल्टा पुलिस और भारतीय दूतावास की भूमिका पर भी सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि दूतावास से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से उन्हें कोई ठोस मदद नहीं मिली। परिजनों का आरोप है कि दूतावास ने उनकी पीड़ा को गंभीरता से नहीं लिया और केवल औपचारिकता निभाकर पल्ला झाड़ लिया। बेटे के लापता होने से मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम जैसा माहौल है और परिजन हर दिन किसी चमत्कार की उम्मीद में हैं।

**एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल में करियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम**

# तनाव नियंत्रण व आत्मविश्वास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** सत्र के दौरान मौजूद स्कूल शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने करियर मार्गदर्शन और परामर्श पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया जिसका उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न करियर विकल्पों की गहरी समझ देना और उन्हें छात्रों के भावनात्मक कल्याण को ध्यान में रखते हुए प्रभावी ढंग से उनका मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाना था। यह सत्र कमलनीत कौर और ज्योति जिंदल द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने छात्रों को उनकी रुचियों, योग्यताओं और क्षमताओं के आधार पर उपयुक्त करियर मार्ग चुनने में मदद करने के संबंध में बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने तनाव को नियंत्रित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सोच-समझकर निर्णय लेने में परामर्श के महत्व पर भी जोर दिया। शिक्षकों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया और इस ज्ञानवर्धक चर्चा से लाभान्वित हुए। स्कूल ने अपने अमूल्य योगदान के लिए इन विशेषज्ञ वक्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रबंध समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन तथा प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने प्रभावशाली सत्र के सराहना व्यक्त की।

### जय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा

# 11वीं कक्षा में सुखप्रीत ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जय पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा हर्षोल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कक्षा 3 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्गों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 3 (ब्राइट) में सक्षम प्रथम, पृथ्वी द्वितीय व अंशप्रीत तृतीय रहे, जबकि कक्षा 3 (डेजल) में निमरत ने प्रथम, जानेल ने द्वितीय व अनाया ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 4 (ब्राइट) में लविश व युवानी प्रथम, अवनी चौहान द्वितीय व हर्षिल तृतीय रहे, जबकि कक्षा 4 (डेजल) में अन्वी प्रथम, रौनक द्वितीय व दिशानी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 (ब्राइट) में रवनीत कौर प्रथम, श्रृष्टि चौहान द्वितीय व प्रिंस राज तृतीय रहे, जबकि कक्षा 5 (डेजल) में कृष प्रथम, दर्पण द्वितीय व अमनदीप तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 (ब्राइट) में युक्ति प्रथम, विहान द्वितीय व अमृत तृतीय रहे, वहीं कक्षा 6 (डेजल) में हरिवंश प्रथम, गुरनाजदीप द्वितीय व कृतिका तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 (ब्राइट) में अन्वी गोयल प्रथम, वैभव द्वितीय व यंश तृतीय रहे, जबकि कक्षा 7 (डेजल) में भूमिका प्रथम, शश्वी द्वितीय व आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 (ब्राइट) में अंशिका प्रथम, आरना द्वितीय व साक्षी तृतीय रहीं।



**बराड़ा।** बच्चे को सम्मानित करतीं प्रिंसिपल।

### महेशनगर में बूस्टिंग स्टेशन के लिए 1.54 करोड़ रुपये स्वीकृति

# कई कॉलोनियों में होगी नहरी पानी की आपूर्ति, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेशनगर क्षेत्र में लोगों को स्वच्छ नहरी पानी की बेहतर उपलब्धता हेतु बूस्टिंग स्टेशन लगाने के लिए 1.54 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जल्द महेशनगर में बब्याल रोड पर पुरानी पानी की टंकी के निकट बूस्टिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा जिससे नहरी पानी की उपलब्धता महेशनगर क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में हो सकेगी और साथ ही ट्यूबवेल से पेयजल आपूर्ति की निर्भरता कम होगी। बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 1.54 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत होने पर रविवार को महेशनगर वार्ड नंबर नौ से नप सदस्य रेणू चौहान, वार्ड नंबर आठ से सदस्य सोमनाथ सहित भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, नीरज शर्मा, सतनाम सैनी, मदनलाल, पवन कुमार, विनोद कुमार, आनंद भाटिया, सुनील कनौजिया ने ऊर्जा मंत्री विज के आवास पर पहुंच उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से गर्मियों से पहले ही यह राशि मंजूर हो सकी है जिसका लाभ महेशनगर क्षेत्र में बसे हजारों निवासियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि महेश नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित होने से दयालबाग, महेश नगर, भरत नगर, शिवप्रताप नगर, कबीर नगर, ट्यूबवेल कॉलोनी, बिहारी कालोनी, रामा इस्टेट, गोल्डन पार्क, दयालबाग एफ ब्लॉक आदि क्षेत्रों में फायदा होगा। इससे पहले महेश नगर क्षेत्र के आर्य नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित था जिससे नहरी पानी की सप्लाई कालोनियों में होती थी, मगर अब महेश नगर पानी की टंकी के निकट नया बूस्टिंग स्टेशन बनने पर अन्य कॉलोनियों के लोगों को लाभ मिलेगा।



**अंबाला।** विज का आभार जताते महेशनगर के लोग।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया यज्ञ

**अंबाला।** अंबाला शहर के रेलवे रोड स्थित आर्य समाज में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ से हुआ जिसमें समाज के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञोपरांत गुरचरण सैनी ने वैदिक भजन द्वारा नवचेतना का संचार किया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एसए जैन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रदीप स्नेही ने अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं को चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया। आर्य समाज के मंत्री एवं पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने भी अपने संबोधन में सभी को नियमित रूप से सत्संग में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने यह भी बताया कि हमें महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा प्रदत्त वैदिक मार्ग का अनुसरण करना चाहिए और समाज को जागरूक करना चाहिए कि वे वेदों की ओर लौटें और वे समाज कल्याण में महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरे। अवसर पर गुलशन चांदना, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, केपीए के विद्यालय की प्राचार्या रेखा भागी, प्रदीप कुमार, पंकज सूरी, एवं केपीएके विद्यालय की अध्यापिकाएं भी मुख्य रूप से मौजूद रही ।



हवन यज्ञ में आहुतियां डालते हुए लोग।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## महावीर की जयंती कल मनाई जाएगी

**मुलाना।** एसएस जैन सभा द्वारा एसएस जैन स्थानक में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2625वीं जयंती बड़े श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाई जाएगी। एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंगलवार को सुबह 8 बजे से 9:15 बजे तक महा नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा।

**कार्यक्रम** | 'जो खेलेगा वो खिलेगा' के मूल मंत्र से युवाओं को मिल रही सही दिशा

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में देशभर की प्रेरक पहल और उपलब्धियों की झलक**

# 'मन की बात' देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की प्रेरणा देता है: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय "मन की बात" कार्यक्रम "सारे देश का दर्शन है"। कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, सब उसमें दिखाया जा रहा है और यह एक अच्छा कार्यक्रम हैं जिसे सभी को देखना चाहिए। विज रविवार को अंबाला छावनी ट्रिब्यून कॉलोनी में वरिष्ठ सीए एडी गांधी के आवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय "मन की बात" कार्यक्रम को देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे प्रिय मित्र, फिलोस्फर व गाइड हैं। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, कहां मछली पालन, कहां खेती में क्या-क्या प्रयोग किए जा रहे हैं यह सब उसमें दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में देशवासियों ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं उसे इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के साथ सांझा करते हैं। देशवासियों द्वारा जहां-जहां प्रेरक कार्य किए किए है जैसे जल संचय, सोलर एनर्जी, रूफटॉप, पानी का संचय करना इत्यादि शामिल हैं ताकि सभी लोगों को इस बारे जानकारी मिल सके और लोग भी इससे प्रेरणा लेकर कार्य करते हुए देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।



**अंबाला।** मन की बात कार्यक्रम देखते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

**युवा व खिलाड़ी ऊर्जा का सही प्रयोग करें**

विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मूल मंत्र भी दिया है कि "जो खेलेगा वो खिलेगा"। हमारे सारे नौजवान अपनी ताकत का इधर-उधर प्रयोग न करें यानि युवा व खिलाड़ी अपनी ऊर्जा का सही प्रयोग करें। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया जिसे मंत्री के साथ सभी ने देखा व सुना। सौरभ गांधी, गौरव गांधी, कपिल विज, डॉ. आरके अनेजा, डॉ. एमके दत्ता, नरेश भारद्वाज, सुनील वधावन, एमएस टंडन, जसवंत जैन, कमलजीत जैन, शुभम विज, शैली खन्ना, आरती सहगल समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।